दिनांक 05.06.2020
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

हरियर भिलाई , सुंदर भिलाई के तहत वृहदस्तर पर रोपे जाएंगे पौधे
6 जुलाई को 12 बजे वाहन शाखा में पौधारोपण कर वन होम वन ट्री अभियान होगा प्रारंभ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए वृहदस्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। शहर के हर गली मोहल्ले , गार्डन, स्कूल, काॅलेजों सहित सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाने वृहदस्तर पर पौधारोपण करने अभियान का 6 जुलाई को शुरूआत निगम प्रशासन द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन के सहयोग से हरियर भिलाई, सुंदर भिलाई के लिए वन होम वन ट्री अभियान के तहत मंगलवार को निगम के सभी जोन कार्यालयों में आम नागरिकों को पौधारोपण के लिए अपील करते हुए निःशुल्क पौधा प्रदान किया जाएगा , जिसे वे अपने सुविधा अनुसार घर के आस पास रोपित कर पौधे का संरक्षण कर सके। मंगलवार को भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के पास निगम के वाहन शाखा परिसर में दोपहर 12 बजे से होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम में भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव, कलेक्टर डाॅ. श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भूर ,े निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी , भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ निगम के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।
बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने वृक्षारोपण एकमात्र विकल्प है , निगम प्रशासन शहर के सभी संगठन , व्यापारी, एनजीओ, सामाजिक कार्यकताओं, स्कूल - काॅलेज प्रबंधन व आम नागरिकों से हर घर एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण के लिए अपील कर रहे हैं। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारी व जोन आयुक्तों को निर्देश दिए है कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अधिक से अधिक पौधारोपण तथा उनके संरक्षण का संकल्प नागरिकों को कराया जाए। भिलाई निगम क्षेत्र में जिला प्रशासन के सहयोग से 6 जुलाई मंगलवार को भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के पास निगम के वाहन शाखा में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वाहन शाखा में दोपहर 12 बजे पौधारोपण कर वन होम वन ट्री अभियान की शुरूआत की जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी